## चक्रधर समारोह 2024

# रायगढ़ की अनन्ता पाण्डेय, शाश्वती बनर्जी और तब्बू परवीन की नृत्यांगनाओं ने कथक नृत्य से मंच में बिखेरी खुशबू



### शिव की उपासना और कृष्ण रासलीला ने समा बांधा

**रायगढ़**

चक्रधर समारोह में 14 सितंबर को कथक नृत्य के साथ नृत्यांगनाओं ने भी अपनी बेहतरीन प्रस्तुति से मंच पर खुशबू बिखेरी। शिव की उपासना और कृष्ण रास लीला से माहौल भक्तिमय हो गया। नन्हीं कलाकारों ने अपने नृत्य कौशल से दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया।

चक्रधर समारोह के आठवें दिन आज रायगढ़ के कलाकारों ने मंच पर प्रस्तुति देकर कार्यक्रम की शुरूआत की। सर्वप्रथम अनन्ता पाण्डेय और शाश्वती बनर्जी ने कथक नृत्य कर खूब तालियाँ बटोरी। शाश्वती बनर्जी ने शिव की उपासना को अपने नृत्य में प्रस्तुति दी। तब्बू परवीन के नेतृत्व में उनकी शिष्याओं ने कथक को कृष्ण रासलीला के रूप में बहुत ही सुंदर रूप में मंचन किया। नन्हीं कलाकारों ने अपनी खूबसूरती से दर्शकों को अपनी ओर बांधे रखा। सभी ने इस रासलीला की प्रशंसा की। इन सभी कलाकारों का अभिनंदन राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह सहित अन्य अतिथियों ने शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह के साथ स्वागत-सम्मान किया।



## रामलला के जीवन दर्शन और गणेश वंदना ने सजाई महफिल

### मुंबई की कृष्णभद्रा नम्बूदरी की भरतनाट्यम और रायपुर संगीता कापसे की टीम ने कथक की दी प्रस्तुति



39वें चक्रधर समारोह के आठवें दिन रायपुर की कथक कलाकार संगीता कापसे, गीतिका चक्रधर और राधिका शर्मा ने मंच पर रामलला के जीवन दर्शन को नृत्य में प्रस्तुत किया।

वहीं कार्यक्रम की अगली प्रस्तुति में मुंबई की प्रख्यात भरतनाट्यम कलाकार कृष्णभद्रा नम्बूदरी ने दक्षिण भारत के मंदिरों में प्रस्तुत गणेश वंदना को नृत्य के माध्यम से जीवंत किया। उन्होंने तकनीकी टीम के सहयोग से भाव भंगिमाओं के साथ आकर्षक भरतनाट्यम की प्रस्तुति दी।



### 15 सितम्बर को पद्मश्री देवयानी भरतनाट्यम पर देंगी प्रस्तुति

### पद्मश्री अनुज शर्मा छत्तीसगढ़ी लोक गायन प्रस्तुत करेंगे

39 वां चक्रधर समारोह के नौवें दिन 15 सितम्बर को दिल्ली से आ रही पद्मश्री देवयानी भरतनाट्यम की प्रस्तुति देंगी। इसी तरह पद्मश्री अनुज शर्मा छत्तीसगढ़ी लोक गायन प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम में रायगढ़ की पलक देवांगन-कथक, रायपुर के पंडित कुमार चौबे द्वारा शास्त्रीय गायन, रायपुर की भूमिसुता मिश्रा द्वारा ओडिसी, बिलासपुर की वेदिका शरण एवं दिल्ली की माया कुलश्रेष्ठ कथक पर प्रस्तुति देंगी।


## कोलकाता की पौशाली चटर्जी ने राधा-कृष्ण होली, कृष्ण और सखा के माखनचोरी को मणिपुरी नृत्य से जीवंत किया



कोलकाता की पौशाली चटर्जी ने आकर्षक वेशभूषाओं में अपनी सहयोगियों के साथ मणिपुरी नृत्य की सुंदर प्रस्तुति दी। उन्होंने राधा.कृष्ण और गोपियों के साथ होली खेलने के भाव को जीवंत किया। पौशाली चटर्जी ने कृष्ण के बाल रूप को मंच पर माखनचोरी के दृश्य को मणिपुरी नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया। चटर्जी ने अपनी सहयोगियों के साथ मृदंग वादन और हाथों की तालियों को बहुत ही लयबद्ध ढंग से प्रस्तुत किया। उन्होंने वृंदावन का वर्णन और दशावतार को नृत्य में प्रस्तुत किया। नृत्यांगना पौशाली के साथ उनकी वरिष्ठ शिष्याएँ-श्रीपर्णा सरकार, मौमिता हाजरा, अंकिता घोराई और रत्ना मजूमदार और तन्मना रॉय और सुवरा भौमिक, झिनुक रॉय चक्रवर्ती ने प्रस्तुति दी।

## विनोद मिश्रा के शास्त्रीय गायन से आनन्द विभोर हुए दर्शक

विख्यात संगीतकार सतना के विनोद मिश्रा (खयाल और ठुमरी ग्वालियर घराना) ने रागमाला, शास्त्रीय गायन की प्रस्तुति दी। उन्होंने मान जाओ सैंया..आ जा बलम परदेश... जैसे गीत अपने अंदाज में प्रस्तुत की। उनकी प्रस्तुति को श्रोताओं ने तन्मयता से सुना।



## कुचिपुड़ी के नृत्यांगनाओं ने गणपति और शिव वंदना को नृत्य में किया प्रदर्शन

श्रीकाकुलम से आये कुचिपुड़ी के नृत्यांगनाओं ने संगीत के धुनों में अपने आपको आत्मसात करते हुए बहुत ही शानदार सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति दी। डॉ.रघुपतरुनी श्रीकांत के नेतृत्व में गणपति और शिव वंदना, विवाह के अवसर को बहुत ही द्रुत गति से भावभंगिमाओं के साथ कलाकारों ने मंच पर प्रस्तुति देकर दर्शकों को अपनी ओर लगातार देखने को मजबूर किया। शिवशक्ति उपासना का उनका यह नृत्य मनमोहक भी बना। गणतंत्र दिवस समारोह नई दिल्ली में भी कुचिपुड़ी का प्रदर्शन कर चुके कलाकारों ने दर्शकों की खूब वाहवाहियां बटोरी।



# चौकी खरसिया पुलिस को लगातार दूसरे दिन चोरी के मामले में मिली सफलता ग्राहक सेवा केन्द्र में चोरी के आरोपी को किया गिरफ्तार, चोरी का सामान बरामद

**रायगढ़**

चौकी खरसिया पुलिस ने लगातार दूसरे दिन चोरी के एक और मामले को सुलझाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी का सामान बरामद किया है। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।



मामले का विवरण :

रिपोर्टकर्ता आशुतोष सिन्हा (26 वर्ष) निवासी ग्राम बेलभांठा गीधा तहसील खरसिया ने कल 13 सिंतबर 2024 को पुलिस चौकी खरसिया में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया। रिपोर्टकर्ता ने बताया कि उनकी "शिव शक्ति ग्राहक सेवा केंद्र" नाम की दुकान रायगढ़ चौक, खरसिया के पास स्थित है। 13 अगस्त को दुकान बंद कर वे बाहर गए थे। अगले दिन, पड़ोसी दुकानदार ने उन्हें सूचित किया कि उनकी दुकान का शटर खुला हुआ है और चोरी की आशंका है। दुकान की जांच करने पर पाया गया कि दुकान का ताला टूटा हुआ था और वहां से एक लेमिनेशन मशीन, कैमरा का डीवीआर, 600 रुपये नकद, वाईफाई राउटर, और ब्लोवर मशीन चोरी हो गए थे। चोरी की रिपोर्ट पर थाना खरसिया में अज्ञात आरोपी के खिलाफ अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप.क्र.550 धारा 331(4), 305 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया और जांच शुरू की गई।

खरसिया चौकी प्रभारी, उप निरीक्षक संजय नाग ने चोरी के मामले में तुरंत कार्रवाई करते हुए आसपास के क्षेत्रों में मुखबिर तैनात किए। एक मुखबिर ने सूचना दी कि एक व्यक्ति अग्रसेन चौक, खरसिया में लेमिनेशन मशीन बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहा है। इस सूचना पर पुलिस ने तत्काल दबिश देकर संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा। प्रारंभिक पूछताछ में वह टालमटोल करता रहा, लेकिन सख्ती से पूछने पर उसने अपना नाम हरेश कुमार चौहान (27 वर्ष) निवासी परसदा खुर्द थाना सक्ती हाल निवासी ग्राम यशवंत पटेल का किराए का मकान थाना खरसिया बताया और स्वीकार किया कि उसने एक माह पूर्व रायगढ़ चौक स्थित शिव शक्ति ग्राहक सेवा केंद्र से लेमिनेशन मशीन और अन्य सामान चोरी किया था। आरोपी हरेश चौहान के किराए के मकान से चोरी किए गए सामान में 01 लेमिनेशन मशीन, 01कैमरा का डीवीआर, 01 वाईफाई राउटर और ब्लोवर मशीन बरामद किए गए। आरोपी को कल रात विधिवत गिरफ्तार कर आज न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# खरसिया पुलिस की त्वरित कार्यवाई: घर में घुसकर महिला से छेड़खानी करने वाले दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**रायगढ़**

खरसिया पुलिस ने एक बार फिर तत्परता दिखाते हुए घर में घुसकर महिला से छेड़खानी करने के आरोप में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा है। इस कार्रवाई ने इलाके में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस की प्रतिबद्धता को मजबूत किया है।



**घटना का विवरण :**

पीड़ित महिला ने कल खरसिया थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि दोपहर में जब वह घर पर अकेली थीं और घर का दरवाजा अंदर से बंद नहीं था, तभी विनोद राठिया और ओमकार डनसेना घर में घुस आए। दोनों ने कमरे में आकर महिला से अशोभनीय बातें की और उनकी बेइज्जती करने की नीयत से उन्हें पकड़ने का प्रयास किया। महिला के जोर से चिल्लाने पर दोनों वहां से भाग गए। घटना के बाद महिला ने अपने पति को फोन करके घर बुलाया और पूरी घटना की जानकारी दी। इसके बाद वे थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

**पुलिस की त्वरित कार्रवाई :**

महिला की शिकायत के आधार पर महिला प्रधान आरक्षक सरोजनी राठौर ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपियों के खिलाफ अप.क्र. 551/2024 भारतीय न्याय संहिता की धारा 74, 75(1)(ii), 76, और 331(3) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

टीआई कुमार गौरव साहू ने अपनी टीम के साथ तत्परता दिखाते हुए आरोपियों विनोद राठिया (27 वर्ष) और ओमकार डनसेना (20 वर्ष) के घरों पर दबिश दी और उन्हें हिरासत में लिया। पुलिस ने इन आरोपियों को छेड़खानी के गंभीर आरोप में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया है।

# छात्रावास अधीक्षक भर्ती परीक्षा आज

### सहायता के लिये जारी किये गये हेल्पलाइन नम्बर

### मूल पहचान पत्र ले जाना आवश्यक

**रायगढ़**

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल, रायपुर द्वारा 15 सितम्बर 2024 को रायगढ़ जिला मुख्यालय के साथ-साथ विकासखण्ड रायगढ़, पुसौर, खरसिया, घरघोड़ा, तमनार में 139 परीक्षा केंद्रों में छात्रावास अधीक्षक की भर्ती परीक्षा आयोजित किया जायेगा जिसमें 36304 परीक्षार्थी शामिल होंगे। छात्रावास अधीक्षक की परीक्षा अपरान्ह 12 बजे से 02.15 बजे तक एक पाली में सम्पन्न होगी। जिसके लिये आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं, सभी केंद्रों में ऑब्ज़र्वर क्रमांक 01 एवं 02 की नियुक्ति के साथ 03 सदस्यीय 14 उडऩदस्ता दलों का गठन कर लिया गया है।

मूल पहचान ले जाना अनिवार्य- परीक्षार्थी परीक्षा केंद्र में परीक्षा प्रारंभ होने के आधा घंटे पूर्व प्रवेश प्राप्त कर सकेंगे एवं परीक्षा प्रारंभ होने की 15 मिनट के बाद परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जा सकेगी। सभी परीक्षार्थी अपना फोटो युक्त मूल आईडी जैसे मतदाता पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, आधार कार्ड, पासपोर्ट, विद्यालय के फोटो परिचय पत्र, फोटो युक्त अंकसूची, बोर्ड परीक्षा के लिए जारी फोटोयुक्त प्रवेश पत्र आदि लेकर आना अनिवार्य होगा। ध्यान रखें फोटोकॉपी या मोबाइल में परिचय पत्र मान्य नहीं किए जाएंगे। परीक्षा दिवस को परीक्षा केंद्र पर उपरोक्त मूल पहचान पत्र में से कोई एक पहचान पत्र लेकर आना अनिवार्य होगा। मूल पहचान पत्र के अभाव में परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। सभी परीक्षार्थी अपने साथ व्यापम द्वारा जारी प्रवेश पत्र व्यापम की वेबसाइट में जाकर प्रिंट आउट निकाल कर परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होना आवश्यक होगा। परीक्षार्थी अपने साथ ओएमआर शीट में उत्तर लिखने के लिए नीले या काले रंग का बालपॉइंट पेंन लेकर उपस्थित होना हैं।परीक्षा केंद्र में किसी भी प्रकार के मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, कैलक्यूलेटर एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामग्री लाना मना है।

हेल्पलाइन नम्बर -छात्रावास अधीक्षक की परीक्षा में 39304 परीक्षार्थी 139 केंद्रों में शामिल हो रहे है और परीक्षा केंद्र दूरस्थ क्षेत्र में स्थापित है, अत: परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा होने एवं केंद्र की जानकारी प्राप्त करने के लिये महेश शर्मा, डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी मो. 7746859383, भुवनेश्वर पटेल एपीसी एवं सहायक नोडल अधिकारी मो.7000081311, गजेंद्र बनज, प्रोफेसर एवं सहायक समन्वयक, मो.9424152129 एवं नेत्रानंद चौहान, लिपिक मो.9343252654 से सम्पर्क कर सकते है।

## केंद्रीय राज्य मंत्री रामदास अठावले जी 15 सितंबर को चक्रधर समारोह में शामिल होने पहुंचेंगे रायगढ़

**रायगढ़**

केंद्रीय राज्य मंत्री, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार, रामदास अठावले जी चक्रधर समारोह में शामिल होने के लिए 15 सितंबर की शाम रायगढ़ पहुंच रहे हैं। वे यहां शाम 5.30 बजे पहुंचेंगे। जिसके पश्चात शाम 6.00 बजे से चक्रधर समारोह में शामिल होंगे। कार्यक्रम के पश्चात रात्रि विश्राम रायगढ़ में करने के उपरांत अगले दिन 16 सितंबर को प्रात: वे रायपुर के लिए रवाना हो जाएंगे।

# पुलिस जन चौपाल : ग्राम डूमरमूडा में नशा उन्मूलन और साइबर अपराध के खिलाफ जागरूकता अभियान

**रायगढ़**

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देशन में आज दिनांक 14.09.24 को थाना जूटमिल द्वारा ग्राम डूमरमूडा में "पुलिस जन चौपाल" के तहत जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नशा उन्मूलन, साइबर अपराध, महिला संबंधी अपराध और यातायात नियमों के बारे में ग्रामीणों को जागरूक करना था।



कार्यक्रम में थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज द्वारा नशा उन्मूलन के संबंध में ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई। थाना प्रभारी ने बताया कि नशा न केवल स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, बल्कि यह परिवार और समाज में अपराध और असामाजिक गतिविधियों को भी बढ़ावा देता है। लोगों को नशे से दूर रहने और अपने आसपास के नशा करने वालों को सही मार्ग पर लाने के लिए प्रेरित किया गया।

थाना प्रभारी ने साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे की जानकारी देते हुए रहवासियों को इंटरनेट और मोबाइल के सुरक्षित उपयोग के बारे में बताया गया। उन्होंने बताया कि साइबर अपराधी लोगों को धोखा देने के लिए नए-नए तरीकों का उपयोग करते हैं। उन्हें ऑनलाइन फ्रॉड, फिशिंग, और पहचान चोरी जैसे साइबर अपराधों से बचने के उपाय बताए गए।

कार्यक्रम में काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी, थाना प्रभारी ने महिलाओं की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देते हुए, उन्हें अपने अधिकारों और सुरक्षा के उपायों के बारे में जागरूक किया गया। यह बताया गया कि यदि कोई भी महिला किसी प्रकार की हिंसा या उत्पीड़न का शिकार होती है, तो उसे तुरंत पुलिस से संपर्क करना चाहिए। पुलिस उनकी शिकायतों पर तुरंत और संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई करती है। इस दौरान थाना प्रभारी ने रहवासियों को यातायात नियमों की अनदेखी करने से होने वाले खतरों के बारे में बताया गया और उन्हें दुपहिया पर हेलमेट पहनने, तेज गति से वाहन न चलाने और शराब पीकर गाड़ी न चलाने की समझाश दी गई। कार्यक्रम में थाना प्रभारी निरीक्षक मोहन भारद्वाज के साथ प्रधान आरक्षक सतीश पाठक, आरक्षक धनेश्वर उरांव, तरुण महिलाने और बड़ी संख्या में ग्राम की महिलाएं उपस्थित थीं। ग्रामीणों ने इस पहल का स्वागत किया और अपने सवालों को थाना प्रभारी से साझा किया, जिनका थाना प्रभारी ने विस्तार से उत्तर दिया।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480